राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 14—05—2014

—: प्रेस नोट :—

आयोग द्वारा आज दिनांक 14—5—2014 को आयोग के इतिहास में प्रथम बार डिजीटल साइन्ड सर्टिफिकेट प्रक्रिया को लागू किया गया है। इसके तहत आयोग द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा, 2012 के प्रमाण पत्र (SET Certificate) को आयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ. हबीब खाँ गौराण के डिजीटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र आज आयोग द्वारा जारी किए गए हैं।

इस योजना से अब अभ्यर्थी सीधे ही इन्टरनेट से ई—मित्र/सी.एस.सी. क्योस्क से अपने प्रमाण पत्र को डाउनलोड कर सकेंगे। इस हेतु अभ्यर्थी अपने फोटोयुक्त पहचान पत्र के साथ ई—मित्र/सी.एस.सी. क्योस्क पर जाकर रूपए 15/— का शुल्क भुगतान कर अपना प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। ई—मित्र/सी.एस.सी. क्योस्क प्रबन्धक अभ्यर्थी के रोल नम्बर एवं जन्म तिथि की प्रविष्टी कर उसके नाम, पिता का नाम रोल नम्बर को सत्यापित कर प्रमाण पत्र डाउन लोड कर अभ्यर्थी को उपलब्ध करायेगा।

यह प्रक्रिया देश के किसी भी अन्य राज्य लोक सेवा आयोग में उपलब्ध नहीं है अर्थात राजस्थान लोक सेवा आयोग डिजीटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र जारी करने वाला देश का पहला आयोग बन गया है। इससे अभ्यर्थियों को काफी सुविधा हो सकेगी तथा अपने शहर/कस्बे में ही स्थित ई—मित्र/सी.एस.सी. क्योस्क से अपना प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकेंगे। अभी तक आयोग द्वारा प्रमाण पत्र डाक द्वारा प्रेषित किये जाते रहे हैं इस प्रक्रिया से समय एवं श्रम की बचत होगी।

राज्य पात्रता परीक्षा, 2012 में उतीर्ण घोषित किए गए 7316 अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों की जांच के पश्चात कुल स्पष्ट पात्र 2292 अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र आज आयोग की वेब पोर्टल पर जारी कर दिए गए हैं। शेष 5024 अस्थाई पात्र अभ्यर्थियों से वांछित प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर उनके आवेदन पत्र स्पष्ट कर उनके प्रमाण पत्र भी अपलोड कर दिए जाएंगे।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव